24 न्यूज अपडेट

ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

वर्ष 1 अंक 338

यूडीए ने एलिवेटेड के लिए जारी किए 10 करोड़, लखावली और नोहरा में विकसित होगी नई आवासीय योजना, डीपीसीआर पॉलिसी लागू करने पर सहमति



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर विकास प्राधिकरण की सामान्य बैठक शुक्रवार को संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की अध्यक्षता तथा जिला कलक्टर नमित मेहता की उपस्थिति में युडीए सभागार में हुई। इसमें शहर विकास से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। युडीए सचिव हेमेंद्र नागर ने स्वागत करते हुए गत बैठक कार्यवाही विवरण पर चर्चा की। युडीए आयुक्त श्री राहुल जैन ने उदयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से कराए जाने वाले विकास कार्यों सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही बैठक के एजेण्डा पाईंट पर चर्चा करते हुए बताया कि युडीए की ओर से राजस्व ग्राम लखावली और नोहरा में नई आवासीय योजना प्रस्तावित की जा रही है। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने प्रस्तावित योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए सहमति दी। बैठक में उदयपुर सिटी स्टेशन से कलक्टर निवास तक बन रहे एलिवेटेड रोड के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार युडीए की हिस्सा राशि 61.60 करोड़ रूपए में से फिलहाल 10 करोड़ रूपए जारी करने तथा उसकी युसी प्राप्त होने के बाद अगले वित्तीय वर्ष में आगामी किश्त जारी किए जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार नगर निगम की ओर से युडीए क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य के लिए किए गए कार्यादेश के क्रम में नगर निगम को कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य के लिए 21.04 करोड़ रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने तथा नगरनिगम की मांग अनुसार राशि हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

उदयपुर में स्थापित होगा प्लेनेटेरियम

राज्य सरकार की वर्ष 2023 की बजट घोषणा के क्रम में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष और सौर मण्डल से जुड़े तथ्यों से रूबरू कराने के लिए उदयपुर में साइंस सिटी की तर्ज पर प्लेनेटेरियम की स्थापना की जा रही है। इसके लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की एसपीओसीएस गाइडलाइन के अंतर्गत कुल 13 करोड़ यपए में से 7.40 करोड़ रूपए राज्यांश से वहन किए जा रहे हैं। इनमें से 5 करोड़ रूपए पूर्व में जारी किए जा चुके हैं। बैठक में शेष 2.40 करोड़ रूपए हस्तांतरित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि प्लेनेटेनियम का कार्य समय पर किया जा सके। बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन की पुष्टि बैठक में राज्य सरकार की विभिन्न बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विभागों को आवंटित भूमि के प्रकरणों की पुष्टि भी की गई। साथ ही आगामी बजट में संभावित प्रोजेक्ट के लिए प्रस्ताव भी जल्द भिजवाने के लिए निर्देशित किया गया।

डीपीसीआर पॉलिसी लागू

बैठक में नगर विकास विभाग द्वारा गत दिनों जारी अधिसूचना के तहत विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (डीपीसीआर) पर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से डीपीसीआर को लागू करने का निर्णय लिया गया।

इन पर भी हुई चर्चा

बैठक में प्राधिकरण की ओर से दक्षिण विस्तार योजना तथा बड़गांव में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के किराया निर्धारण, युडीए क्षेत्राधिकार में स्थित चौराहों की कंसलटेंट के माध्यम से ड्राईंग व डिजाइन तैयार कराने, देबारी चौराहे से प्रतापनगर चौराहा तक एलिवेटेड सड़क निर्माण, राजकीय व केंद्रीय विभागों के कार्यालय भवन के लिए भूमि आवंटन करने के बजाए वर्टिकल बिल्डिंग में स्थान उपलब्ध कराने, प्राधिकरण के लिए अधिवक्ताओं का पैनल अनुमोदन आदि पर भी चर्चा की गई। **यह रहे मौजूद-** बैठक में प्रशिक्षु आईएएस माधव भारद्वाज, युडीए ओएसडी जितेंद्र ओझा, भूमि अवाप्ति अधिकारी बिन्दुबाला राजावत, पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, नगर निगम उपायुक्त दिनेशकुमार, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्ट हरिशचंद्र, युडीए लेखाधिकारी खुशबू आमेटा, उप नगर नियोजक वीरेंद्रसिंह परिहार, , एवीवीएनएल एक्सईएन वृंदा द्विवेदी, उपायुक्त देवस्थान जतीन कुमार गांधी आदि उपस्थित रहे।

मणिपुर में मैतेई राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी का समर्थन



24 न्यूज अपडेट

21 महीने से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले का मैतेई समुदाय ने विरोध किया है। वहीं कुकी समुदाय के लोग केंद्र सरकार के फैसले से खुश हैं।

मैतेई समुदाय का कहना है कि एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में जल्द किसी सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला ठीक नहीं है।

कुकी समुदाय की संस्था ITLF ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला सही है। CM बदलने से कुछ नहीं होता। फोरम कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की भी मांग कर रहा है।

वहीं, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि, 'विधानसभा अभी भी निलंबित अवस्था में है। कुछ समय बाद हालात को देखते हुए सदन चलाने पर विचार हो सकता है।'

केंद्र सरकार ने राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया था। यह फैसला मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद लिया गया। सिंह ने 9 फरवरी को गवर्नर को इस्तीफा सौंपा था।

जनवरी में थोक महंगाई घटकर 2.31% पर आई:रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईं; दिसंबर में 2.37% पर थी



24 न्यूज अपडेट

जनवरी महीने में थोक महंगाई घटकर 2.31% पर आ गई है। इससे पहले दिसंबर में ये 2.37% पर थी। रोजाना के जरूरत के सामान और खाने-पीने की चींजे सस्ती होने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 फरवरी को ये आंकड़े जारी किए।

रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईं

रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई 6.02% से घटकर 4.69% हो गई।

खाने-पीने की चीजों की महंगाई 8.89% से घटकर 7.47% हो गई।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -3.79% से बढ़कर -2.78% रही।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.14% से बढ़कर 2.51% रही।

सब्जियां सस्ती हुई, दालों की महंगाई बढ़ी

अनाज की थोक महंगाई 6.82% से बढ़कर 7.33% हो गई है।

दालों की थोक महंगाई 5.02% से बढ़कर 5.08% हो गई है।

सब्जियों की महंगाई 28.65% से घटकर 8.35% हो गई है।

दूध की थोक महंगाई 2.26% से बढ़कर 2.69% हो गई है।

अडाणी मुद्दे पर मोदी ने अमेरिका में कहा- निजी मामला

2 राष्ट्राध्यक्ष ऐसे मुद्दों पर बात नहीं करते; राहुल बोले- PM ने US में भी पर्दा डाला



24 न्यूज अपडेट

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अडाणी मुद्दे पर PM नरेंद्र मोदी को घेरा। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया X पर लिखा कि अडाणी मामले पर PM से देश में सवाल पूछो तो वे चुप्पी साध लेते हैं। जब विदेश में सवाल किया गया तो इसे निजी मामला बताया।

दरअसल, PM मोदी से अमेरिका दौरे पर पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मीटिंग में गौतम अडाणी के केस पर कोई चर्चा हुई? इस पर PM ने जवाब दिया कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों में हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

दिसंबर 2024 में राहुल गांधी अडाणी मुद्दे पर रिपोर्टर के रोल में दिखे थे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की। राहुल ने मोदी-अडाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए। कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया था।

श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया



24 न्यूज अपडेट

चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। यह कंगारू टीम की रन के लिहाज से श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे हार है। इस जीत के सहारे श्रीलंका ने कंगारुओं पर 2 वनडे की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। टीम ने पहला मुकाबला 49 रन से जीता था। शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 24.2 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। दुनिथ वेल्लालागे ने 4 विकेट झटके। वनिंदू हसरंगा और असिथ फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए।

कुसल मेंडिस का शतक


श्रीलंका से कुसल मेंडिस ने 115 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली। निशान मदुष्का ने 70 बॉल पर 51 और चरिथ असलंका ने 66 बॉल पर नाबाद 78 रन बनाए। जनिथ लियानागे ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके लगे

282 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरुआती झटके लगे। टीम ने 33 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट 2, जैक फ्रेजर-मैगर्क 9 और ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को असिथा फर्नांडो ने आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 29 और जोश इंग्लिस ने 22 रन बनाकर स्कोर 79 रन तक पहुंचाया। यहां इंग्लिस आउट हुए और टीम बिखर गई। टीम ने 29 रन बनाने में आखिर के 7 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया 24.2 ओवर में 107 रन ही बना सका।

भारतीय शेयर-मार्केट की वैल्यू 4 ट्रिलियन डॉलर के नीचे आई:रुपए में कमजोरी, बाजार में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बिकवाली इसका कारण

इस साल 2,568 अंक गिरा सेंसेक्स



24 न्यूज अपडेट

भारतीय स्टॉक मार्केट की वैल्यूएशन आज यानी शुक्रवार (14 फरवरी) को 4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 346.78 लाख करोड़ रुपए) के नीचे आ गई। कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट का कैपिटलाइजेशन 3.98 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। हालांकि बाद में इसमें रिकवरी हुई और यह फिर से 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया।

इसका कारण रुपए में कमजोरी और स्टॉक मार्केट में गिरावट है। 4 दिसंबर, 2023 के बाद (14 महीना) यह पहला मौका है जब मार्केट कैप इस बेंचमार्क के नीचे आया। इससे पहले दिसंबर में यह 5.14 ट्रिलियन डॉलर के ऑल टाइम हाई पर था।

भारत के शेयर बाजार में 18.33% की बड़ी गिरावट है। वहीं, भारतीय रुपया इस साल अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 1.5% कमजोर हुआ है। दुनियाभर के मार्केट की तुलना में इस साल यह सबसे बड़ी गिरावट है।

इस साल अमेरिका की वैल्यू 3% बढ़ी

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, जिम्बाब्वे 18.3% और आइसलैंड 18% की गिरावट के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर है। जबकि, दुनिया के सबसे बड़े मार्केट अमेरिका की मार्केट वैल्यू इस साल करीब 3% बढ़ी है। जबकि चीन और जापान में 2.2% की बढ़ोतरी हुई है। हॉन्ग कॉन्ग, कनाडा, UKऔर फ्रांस सहित अन्य मेजर मार्केट में 1.2%, 7.2%, 7.1%और 9.9% की बढ़ोतरी देखी गई।

भारतीय शेयर बाजार में 3.4% की गिरावट

सेंसेक्स और निफ्टी में इस साल अब तक 3.4% से ज्यादा की गिरावट के कारण आई है। वहीं, BSE मिडकैप और स्मॉलकैप जैसे बेंचमार्क में 15% और 18% से ज्यादा की गिरावट हुई है। वहीं, विदेशी निवेशकों के बिकवाली के चलते मंदी और बढ़ गई है।

इस साल धीमी विकास दर, कमजोर आय और हाई वैल्यूएशन की चिंताओं के बीच भारतीय इक्विटी से 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा की निकासी हुई है। इसके अलावा,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ वाले बयान ने भी मार्केट सेंटिमेंट को प्रभावित किया है।

इस हफ्ते 1,921 अंक गिरा सेंसेक्स

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 14 फरवरी को सेंसेक्स 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 1522 अंक गिरकर 45,411 के स्तर पर बंद हुआ।

गुजरात में बच्चे को 16 करोड़ का इंजेक्शन दिया गया : अमेरिका से 72 घंटे में पहुंचा, गुजरातियों ने 1 महीने में ही चंदे से जमा किए रुपए



24 न्यूज अपडेट

गुजरातियों ने एक बार फिर मानवता दिखाई है। चार साल पहले, गुजराती गोधरा के एक बच्चे की जान बचाने के लिए जरूरी 16 करोड़ रुपए जुटाने सड़कों पर उतर आए था। ऐसा ही अब हिम्मतनगर में हुआ है। यहां एक गरीब परिवार के 20 महीने का बच्चे को 16 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार की गुहार पर लोगों ने पैसे इकट्ठे करने का अभियान शुरू किया और आखिरकार यह रकम जमा कर ली गई। बीते सोमवार को अमेरिका से यह इंजेक्शन अहमदाबाद पहुंचा और मंगलवार की शाम बच्चे को इसके डोज दिए गए। डॉक्टर्स का कहना है कि अब उसकी हालत में सुधार होना शुरू हो गया है। गुजरात में एसएमए टाइप-1 से पीड़ित किसी बच्चे को इंजेक्शन दिए जाने का पहला मामला है।

इंजेक्शन -70 डिग्री सेल्सियस में अहमदाबाद लाया गया

डॉ. संजीव मेहता ने आगे बताया कि सारी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद अमेरिका से गुजरात तक की एक चेन तैयार की गई। क्योंकि, इंजेक्शन को पूरे समय -70 डिग्री में ही रखना था। अमीरात की फ्लाइट में इसकी व्यवस्था की गई थी। इसके बाद दुबई होते हुए इंजेक्शन दिल्ली पहुंचा और फिर दूसरे प्लेन से इसे अहमदाबाद लाया गया।

अस्पताल में कुछ घंटे तक -70 के टेंपरेचर में रखने के बाद इंजेक्शन को नॉर्मल करने के लिए डेढ़ घंटे तक 2 से 5 डिग्री सेल्सियस पर रखा गया और फिर डेढ़ घंटे की प्रोसेस में बच्चे को इंजेक्शन की अलग-अलग डोज दी गईं।

कई लोगों ने 50 से 100 रुपए की भी मदद दी

बच्चे के चाचा आबिद अली कहते हैं कि शुरूआत में भतीजा पूरी तरह स्वस्थ था। लेकिन डेढ़ साल का होने के बाद वह अक्सर बीमार रहने लगा। उसके पूरे बदन में सुस्ती रहती थी। करीब दो महीने पहले उसे सिविल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था।

यहां लगातार दो हफ्तों तक चले इलाज के बाद रिपोर्ट में उसके एसएमए टाइप-1 से पीड़ित होने की रिपोर्ट आई। लेकिन, इसके इलाज के लिए 16 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत थी। हमने इंपैक्ट गुरू फाउंडेशन से संपर्क किया। इंपैक्ट गुरू फाउंडेशन ग्रुप ने हमारी बहुत मदद की और उन्होंने पैसा जमा करने अभियान चलाया। पूरे गुजरात में डॉक्टरों से लेकर गरीब लोगों तक ने 50 से 100 रुपए की मदद दी और एक ही महीने में 16 करोड़ रुपए की रकम जमा हो गई। सरकार ने भी टैक्स जैसी सभी फीस माफ कर दी थी। आखिरकार गुजरात के लोगों की मदद से हमारे बच्चे की जान बच गई। अब वह चल-फिर और दौड़ भी पाएगा।

संपादकीय : दोस्ती के आयाम

भारत फ्रांस के करीबी साझेदारों में से एक है। दोनों देशों के बीच परस्पर सम्मान और विश्वास का रिश्ता रहा है। चीन के बरक्स भारत की क्षमता बढ़ाने में सहयोग का मसला हो या सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए दावा, फ्रांस ने हर बड़े मौके पर भारत का साथ दिया है। दुनिया में तेजी से उभरती ताकत के रूप में भारत की संभावनाओं को फ्रांस पहले ही भांप चुका है। हाल के वर्षों में अंतरिक्ष अनुसंधान से लेकर पनडुब्बी बनाने में सहयोग कर उसने साबित कर दिया कि वह भारत का न केवल भरोसेमंद बल्कि सबसे बड़ा रणनीतिक सहयोगी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की परस्पर निकटता का प्रमाण कई बार मिल चुका है। इस बार दोनों देशों ने आधुनिक परमाणु संयंत्रों को संयुक्त रूप से विकसित करने का संकल्प किया है। फ्रांस के मारसेई में एक आशय पत्र पर दस्तखत के बाद दोनों देशों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था के लिए परमाणु ऊर्जा अहम है। इस लिहाज से देखें, तो परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। फ्रांस न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का साथ देता रहा है, बल्कि रणनीतिक साझेदारी निभाते हुए आर्थिक संबंध मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करता रहा है। नतीजा यह कि वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच कारोबार उन्नीस अरब डालर तक पहुंच गया था। इससे पहले वर्ष 2000 से 2024 के मध्य फ्रांस से कोई दस अरब डालर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया था। इस बार की प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा के दौरान भी व्यापार और निवेश बढ़ाने पर दोनों देशों ने जोर दिया है। इससे व्यापार संबंध और मजबूत होने की उम्मीद बंधी है। इसके अलावा दोनों देश जलवायु संकट से निपटने की दिशा में भी एक मंच पर काम कर रहे हैं। इसके लिए भारत और फ्रांस ने 'इंटरनेशनल सोलर अलायंस' का गठन किया, जिसमें सौ से अधिक देश शामिल किए गए थे। भारत-फ्रांस के शीर्ष नेताओं ने असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में जिस तरह इस बार परस्पर सहयोग की गंभीरता से समीक्षा की है, इससे लगता है कि इसके दूरगामी और सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता जता कर साफ कर दिया है कि उनके संबंध बहुआयामी हैं। इस तरह दोनों ने दोस्ती को एक नया आयाम ही दिया है। उम्मीद यह भी है कि कृत्रिम मेधा से लेकर प्रौद्योगिकी और नवाचार की दिशा में सहयोग और मजबूत होगा। दस अहम समझौते के बाद फ्रांस एक बार फिर सच्चे दोस्त के रूप में सामने आया है। इन समझौतों के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और गहरे होंगे। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में असैन्य सहयोग भी मील का पत्थर साबित होगा । कृत्रिम मेधा और नवाचार की दिशा में भारत और फ्रांस ने एक बड़ा लक्ष्य तय किया है। सुरक्षित और विश्वसनीय कृत्रिम मेधा के विकास के लिए दोनों देश अब साझा रूप से काम करेंगे। यह विकसित प्रौद्योगिकी वैश्विक हितों के लिए काम करेगी। कुल मिला कर देखें, तो भारत और फ्रांस के बीच प्रगाढ़ होते संबंध चीन और अमेरिका को संदेश देने का भी प्रयास है। एक न्यायसंगत व शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कायम करने के लिए भारत ने फ्रांस से हाथ मिलाया है। सहयोग का यह मार्ग लंबा है, दोनों मित्रता निभाते हुए आगे बढ़ेंगे।

समाधान की राह


शंभू और खनौरी सीमा पर एक साल से किसान डटे हुए हैं और अब जाकर सरकार बातचीत करने वाली है। किसानों की केंद्र सरकार के साथ अहम बैठक होने वाली है। इससे पहले किसानों ने आंदोलन के एक साल पूरा होने पर महापंचायत बुलाई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति, और पेंशन योजना सहित 12 मांगों को लेकर किसान आंदोलन पर हैं। उन्होंने पांच बार दिल्ली कूच करने की कोशिश भी की। इस आंदोलन को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन से नई ऊर्जा मिली। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया और पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता देने के निर्देश दिए। दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर एक साल चले आंदोलन को केंद्र सरकार ने एक समझौता करके खत्म कर दिया था, लेकिन उस समझौते की मुख्य मांगों पर आज तक अमल नहीं हो सका है। पहला आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा की अगुआई में हुआ था । डल्लेवाल की अगुआई में नया आंदोलन 13 फरवरी 2024 से शुरू हुआ आंदोलन में जान बनाए रखने के लिए डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे। उनकी बिगड़ती सेहत पर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केंद्र सरकार ने भी सकारात्मक रुख अपनाया और बातचीत की तारीख का एलान किया। ऐसा नहीं है कि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने बातचीत न की हो। किसानों की नाराजगी को देखते हुए 2024 में केंद्र सरकार ने आठ और फिर 12 फरवरी को संगठन के नेताओं से बातचीत की थी। इसके बाद 13 फरवरी से किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया। सरकार ने 15 और फिर 18 फरवरी 2024 को भी किसान नेताओं के साथ बातचीत की। तब भी कोई हल नहीं निकला। इसके बाद से मामला ठंडा पड़ गया। शुक्रवार को प्रस्तावित बातचीत पर सभी की निगाहें टिकी हैं। किसानों को उम्मीद है कि इस बार केंद्र सरकार उनकी अवश्य सुनेगी। इस नए संवाद में जरूरी है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को सुनें और एक-दो कदम पीछे भी हटें, तभी कोई हल निकल पाएगा।

सरकारी रहमोकरम पर पिछोला में अवैध नावों की दादागिरी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पिछोला झील में इन दिनों पानी पर गजब का खेल चल रहा है। राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत और घूसखोरी के चलते होटल वाले अवैध रूप से नावें चला कर टूरिस्टों को घुमा रहे हैं। इन लोगों की दादागिरी इस हद तक बढ़ गई है कि जहां और जिस जैटी पर चाहें, सवारियों को उतार व चढ़ा रहे हैं। अवैध रूप से सैर सपाटे करवा रही नावें पेट्रोल से चल रही हैं जबकि ऐसी नावों का संचालन ही गैर कानूनी है। निगम ने खुद करोड़ों का ठेका देकर पिछोला में नियमानुसार बेटरी से चलने वाली नावों को अनुमति दी हुई है। लोगों का कहना है कि शहर के कुछ अधिकारी और राजनेता पिछोला किनारे की होटलों में मुफ्त की सेवाएं प्राप्त करते हैं और बदले में उनके रहमोकरम पर ये नाव वाले दादागिरी करते हैं। हमने अपनी पड़ताल में एक सीसीटीवी फुटेज प्राप्त की जिसमें एक होटल की नाव सैलानियों को निगम के ठेके वाले जेटी पर उतार रही है। बदले में मौके पर ही पैसों का लेन-देन भी चल रहा है। ये सीसीटीवी फुटेज पहले ही आला निगम के अधिकारियों के पास जा चुका है लेकिन पता नहीं क्यों किसी ने उनके हाथ बांध दिए हैं या उनके अपने हित आड़े आ रहे हैं जो गैर कानूनी काम करने वालों पर कार्रवाई की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। जबकि यही अधिकारी शहर में नगरीय विकास कर की कार्रवाइयां करके ईमानदार होने का दंभ भरते नजर आ रहे हैं। अगर निगम पिछोला झील की रक्षा और प्रबंधन में सक्षम नहीं है तो उसे यह काम तत्काल छोड़ कर यूडीए को दे देना चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मिलीभगत के इस सैर सपाटे को रोका नहीं गया तो मौके पर टकराव की नौबत भी आ सकती है।



यूडीटैक्स का डंडा : मेहता चैंबर की 22 दुकानें और बीएन के सामने गोविन्दपुरा में अर्पित लोढ़ा की प्रॉपर्टी सीज




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है, एक बार फिर से राजस्व शाखा द्वारा दो प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर फिर बड़ी कार्रवाही करते हुए 2 संपतियों को सीज किया गया। शुक्रवार को देहली गेट रोड स्थित मेहता चेम्बर जिसमें 22 दुकानें बना रखी है जिसका नगरीय विकास कर कुल 63,05,065/- बकाया था जिसे सीज किया गया। वहीं बी एन महाविद्यालय के सामने गोविन्दपुरा में अर्पित लोढ़ा की संपत्ति जिसका 6,05,669/- रुपए का नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है। संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु दोनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

31 मार्च तक जमा करवाए टैक्स वरना होगी सीज की कार्यवाही

नगर निगम द्वारा यू डी टैक्स वसूली को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेवे। जिसे भी अपनी संपत्ति को सीज होने से बचाना है वह जल्द से जल्द नगर निगम में अपना बकाया यूडी टैक्स जमा करावे।

जयंता झुकती नहीं तो आर-पार हो जाती गोली, संपत्ति विवाद के चलते नाबालिग रिश्तेदार ने किए थे फायर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ शहर में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब निलंबित महिला हेड कांस्टेबल जयंता बानो पर उनके ही पति के रिश्तेदार ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर ने किराए के मकान की खिड़की से पिस्टल से फायरिंग की, लेकिन सौभाग्य से जयंता ने खुद को झुकाकर गोली से बचा लिया। अब पुलिस जांच में यह सामने आया है कि हमले की जड़ में पारिवारिक संपत्ति का विवाद था। हमलावर को शक था कि जयंता पारिवारिक संपत्ति में दखल दे सकती हैं, जिसके चलते उसने उन्हें मारने की साजिश रची। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर इस मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह और उप अधीक्षक गजेंद्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी दीपक बंजारा ने अपनी टीम के साथ महज 24 घंटे में आरोपी को डिटेन कर लिया और वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद कर ली। हमलावर का आपराधिक इतिहास भी पुलिस जांच में सामने आया है। यह कोई साधारण अपराधी नहीं, बल्कि एक अपराधी परिवार का हिस्सा है। तीन पीढ़ियों से अपराध की दुनिया में सक्रिय परिवार दादा कयूम लाला (1977-2019) पर हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के 22 मामले दर्ज थे। पिता आजम खान (2002-2018) पर भी हत्या, लूट और नशा तस्करी के 15 मामले थे। जैद खान (महिला कांस्टेबल का पति) 14 साल की उम्र में ही पहला मर्डर कर चुका था, और अपनी सौतेली मां की हत्या भी कर चुका है। अब जैद के रिश्तेदार ने जयंता पर हमला कर दिया। महिला हेड कांस्टेबल जयंता बानो राजस्थान पुलिस में तैनात थीं, लेकिन पति जैद खान के आपराधिक रिकॉर्ड के चलते निलंबित कर दी गईं। जयंता ने ड्यूटी छोड़कर मध्यप्रदेश की जेल में बंद अपने पति जैद से मिलने के लिए मंदसौर का दौरा किया था, जो पुलिस नियमों के खिलाफ था। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की। निकाह के बाद पारिवारिक विवाद गहराता गया, क्योंकि जैद के परिवार को यह शादी स्वीकार नहीं थी। संपत्ति विवाद भी इस हमले की एक बड़ी वजह बना। पुलिस अब हमलावर के पूरे आपराधिक नेटवर्क की गहन जांच कर रही है, ताकि इस संगठित अपराध को जड़ से खत्म किया जा सके।

दस किलो से अधिक डोडाचूरा के साथ एक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। मंगलवाड थाना पुलिस द्वारा अवैध मादर्क तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से 10 किलो 485 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही के क्रम में एएसपी सरितासिंह के निर्देशन व डीएसपी बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में एसएचओ थाना मंगलवाड भगवानलाल पु.नि. थाने के पुलिस जाप्ता एएसआई जगदीशचन्द्र, कानि. प्रेमाराम, करनलसिंह, श्रीभानसिंह व नारायणसिंह के साथ सर्कल गश्त करता हुआ निम्बाहेडा मंगलवाड स्टेट हाईवे रोड पर सरहद लख्मीपुरा पहुंचे, जहां एक व्यक्ति वर्दीधारी पुलिस जाप्ता व सरकारी गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकडकर संदिग्ध होने पर तलाशी ली गई तो उसके पास बैग से कुल वजन 10 किलो 485 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा मिला, जिसे जब्त कर आरोपी फलौदी जिले के इन्द्रनगर फतेहसागर पीलवा थाना लोहावट निवासी38 वर्षीय रामकरण पुत्र माधूराम जांगू बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

डूंगरपुरः बदमाशों ने बीच बचाव में गए सरपंच पर किए चाकू से वार, पत्नी को भी पीटा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के ओबरी थाना क्षेत्र के बिलिया बड़गामा गांव में गुरुवार रात पंचायत के सरपंच आजाद कलासुआ पर कुछ बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी माया कलासुआ (जो जिला परिषद सदस्य भी हैं) के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की और मौके से फरार हो गए। सरपंच की पत्नी माया कलासुआ ने बताया कि रात में ओबरी थाने के एक पुलिसकर्मी का फोन उनके पति के पास आया था, जिसमें बताया गया कि उनके घर के पास मेन रोड पर कुछ लड़कों के बीच झगड़ा हो रहा है और उन्हें मौके पर पहुंचना चाहिए। पुलिसकर्मी ने कहा कि वह भी जल्द पहुंच रहा है। सरपंच आजाद कलासुआ अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ रहे युवकों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान वहां मौजूद बदमाशों ने ही उन पर हमला कर दिया। चाकू से उनके पेट और सिर पर वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जब उनकी पत्नी माया कलासुआ बीच-बचाव करने आईं, तो बदमाशों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा और फिर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल सरपंच को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद उनकी पत्नी माया कलासुआ ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ओबरी थाने से फोन आने के बावजूद पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची, जिससे यह गंभीर वारदात हो गई। हमलावरों की पहचान बिलिया और डेचा गांव के कुछ बदमाशों के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

तहसीलदार की कार पलटी



24 न्यूज अपडेट

सलूम्बर तहसीलदार मयूर शर्मा की कार गुरुवार शाम सवा आठ बजे उदयपुर-बांसवाड़ा मार्ग पर मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। हालाकि तहसीलदार को किसी प्रकार की चोट नहीं आई व वह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार तहसीलदार कार से जिला मुख्यालय सलूंबर से ड्यूटी कर अपने घर बांसवाड़ा जाने के निकले थे कि झल्लारा जोगी घाटी के एक बाइक को बचाने में कार अनियंत्रित होकर उदयपुर-बांसवाड़ा मुख्य मार्ग पर पलट गई। झल्लारा पुलिस के अनुसार सलुंबर तहसीलदार मयूर शर्मा शाम 8 बजे सलुंबर से बांसवाड़ा के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान झल्लारा थाना क्षेत्र के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तहसीलदार को किसी प्रकार की चोंट नहीं आई।



जेईई में ओबीसी के विद्यार्थियों की संख्या ओपन से ज्यादा कैटेगरी चेंज का ऑप्शन नहीं होने से स्टूडेंट परेशान,अप्रैल परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी



24 न्यूज अपडेट

एनटीए की ओर से जारी किए गए देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी परीक्षा के आंकड़ों में सामने आया है कि इस साल परीक्षा देने वालों में ओबीसी विद्यार्थियों की संख्या ओपन कैटेगरी से भी ज्यादा रही। अकेले ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के विद्यार्थियों की संख्या में परीक्षा में कुल बैठने वाले विद्यार्थियों की करीब 50 प्रतिशत रही। अप्रैल परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है एवं अभी तक 88 हजार नए यूनीक कैंडिडेट आवेदन कर चुके हैं।

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया- जेईई-मेन अप्रैल परीक्षा में आवेदन करने वाले कैटेगरी के विद्यार्थी भारी परेशानी से जूझ रहे हैं, क्योंकि अप्रैल परीक्षा के आवेदन के दौरान विद्यार्थी अपनी कैटेगरी, परीक्षा शहर, स्टेट ऑफ एलिजिब्लिटी, कक्षा 10 व 12 की डिटेल्स में हुई त्रुटियों में कोई बदलाव नहीं कर पा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जेईई-मेन जनवरी परीक्षा के लिए कुल 12 लाख 58 हजार 136 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें ओबीसी कैटेगरी के 4 लाख 90 हजार 175, ईडब्ल्यूएस के 1 लाख 38 हजार 699 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि ओपन कैटेगरी के 4 लाख 66 हजार 358 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। ऐसे में ओबीसी कैटेगरी के विद्यार्थियों की संख्या ओपन कैटेगरी से ज्यादा रही।

50 प्रतिशत ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों के परीक्षा में शामिल होने के बावजूद भी एनटीए द्वारा विद्यार्थियों को कैटेगरी में बदलाव का विकल्प नहीं दिया गया। जनवरी आवेदन के दौरान जिन विद्यार्थियों के पास ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस के सर्टिफिकेट नहीं थे, उन्होंने मजबूरीवश ओपन कैटेगरी से आवेदन किया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी सामने आ रहे हैं, जिन्होंने पूर्व में ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस से आवेदन कर लिया, परन्तु अब ओबीसी एवं ईडब्यलूएस का सर्टिफिकेट 1 अप्रैल 2025 के बाद का नहीं होने के कारण ओपन कैटेगरी से आवेदन करना चाहते हैं। उपरोक्त दोनों परिस्थितियों के विद्यार्थी आवेदन में कैटेगरी करेक्शन का विकल्प नहीं मिलने के कारण असमंजस में हैं।

आवेदन में करेक्शन नहीं हो पाने की स्थिति में विद्यार्थी जेईई-मेन अप्रैल परीक्षा के लिए नए आवेदन क्रमांक से नया रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर रहे हैं। गत वर्ष भी ऐसे कुछ विद्यार्थी सामने आए थे, जिन्होंने जनवरी व अप्रैल के लिए अलग-अलग आवेदन क्रमांक से आवेदन किया और उनका परिणाम एनटीए द्वारा जारी नहीं किया गया।

ऐसे में विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि जनवरी में परीक्षा दे चुके विद्यार्थी अपने पुराने आवेदन क्रमांक से ही आवेदन करें और अप्रैल परीक्षा के आवेदन के उपरान्त मिले करेक्शन विंडो के विकल्प का इंतजार करें।

1 लाख कैश वाले अंबेडकर पुरस्कार-2025 के लिए मांगे आवेदन, 15 मार्च तक भरें फार्म



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने वर्ष-2025 के राज्य एवं जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल 2025) के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार-2025 दिए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में 15 मार्च 2025 तक डाक अथवा व्यक्तिश आवेदन जमा करवा सकता है। अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय आवेदन संबंधित जिले के कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं, जबकि राज्य स्तरीय आवेदन निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर में जमा कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 15 मार्च के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पात्रता एवं अन्य जानकारियों के लिए आवेदक विभाग की वेबसाइट देख सकते हैं। निदेशक ने बताया कि गत वर्षों में पुरस्कृत संस्था या व्यक्ति आवेदन नहीं करें। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in एवं जिले के जिलाधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

अब 3,000 से कम आबादी होने पर भी बनेंगी ग्राम पंचायतें, 25 मार्च तक सीमांकन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान सरकार ने ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन एवं सीमांकन के नियमों में बदलाव किया है। अब 3,000 से कम जनसंख्या पर भी ग्राम पंचायत बनाई जा सकेगी। इससे राज्य में पंचायतों की संख्या बढ़ने की संभावना है। पहले न्यूनतम आबादी 3,000 से 5,500 तक तय की गई थी। नए नियमों में 15 परसेंट तक कम जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों का भी प्रस्ताव भेजा जा सकता है। इससे छोटे गांवों को भी अपनी पंचायत बनाने का अवसर मिलेगा। मरुस्थलीय जिलों की संख्या बढ़ाई पहले मरुस्थलीय जिलों में बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर शामिल थे। चूरू, बालोतरा और फलोदी को भी जोड़ा गया है। इन जिलों में ग्राम पंचायतों के लिए न्यूनतम आबादी 2,000 और अधिकतम 4,000 तय की गई है। पहले सीमांकन की अंतिम तारीख 18 फरवरी थी, जिसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। 26 मार्च से 25 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी जाएंगी। आपत्तियों का निपटारा 26 अप्रैल से 5 मई के बीच किया जाएगा। 15 मई तक प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे और 30 मई तक अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

अटल-विहार योजना की लॉटरी निकलते ही जेडीए साइट हुई क्रेश मंत्री बोले- जयपुर में जल्द लॉन्च करेंगे तीन नई आवासीय योजनाएं



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में घर का सपना देख रहे हजारों लोगों का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। शुक्रवार को जयपुर विकास प्राधिकरण में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अटल बिहारी आवासीय योजना की ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इसमें अलग - अलग कैटेगरी के 284 प्लॉट आम जनता को आवंटित किए गए। हालांकि लॉटरी निकलने के बाद से ही जयपुर विकास प्राधिकरण की ऑफिशल वेबसाइट क्रैश हो गई है।

UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान सरकार के एक साल पूरे होने पर जेडीए द्वारा 3 आवासीय योजनाओं की शुरुआत की गई थी। इनमें से आज अटल विहार योजना की लॉटरी निकली जा चुकी है। अब जल्द ही अटल विहार योजना के लिए दो दिवसीय कैंप इस योजना में सफल आवेदकों के लिए लगाया जाएगा। आवेदक अपने - अपने संबंधित दस्तावेज लेकर आएंगे और आगे कार्रवाई पूरी कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अब 20 फरवरी को गोविन्द विहार और 24 फरवरी को पटेल नगर आवासीय योजना की लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जल्द ही 3 नई योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। ताकि जयपुर में आम जनता को सरकारी योजनाओं में प्लॉट लेने का मौका मिल सके।

उन्होंने कह- हमारी सरकार का उद्देश्य जयपुर की जनता को सरकारी योजनाओं के माध्यम से उचित दरों पर बिना किसी वाद विवाद के प्लॉट आवंटित करना है। जयपुर में पूरे प्रदेश में सरकारी क्षेत्र की योजनाओं में जिस प्रकार बिना वाद विवाद रहित प्लॉट मिलता है। उसी तर्ज पर प्रदेशभर में नगर निकायों और प्राधिकरणों में आम जनता के लिए सरकारी योजनाओं की क्रियान्वित हो रही है। जे

डीसी आनंदी ने कहा कि माननीय यह काफी लंबे अरसे बाद जेडीए द्वारा योजना लॉन्च की गई है। जेडीए की संयुक्त टीम द्वारा पूरी मेहनत करके योजना की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद बेहतर प्लानिंग की गई। उसके बाद जाकर यह स्कीम लॉन्च की गई है। जहां बिना किसी विवाद के आमजन को रियायती दर पर प्लॉट उपलब्ध है। इसके बाद अब मंत्री महोदय द्वारा आने वाले दिनों में जिन स्कीमों के लिए घोषणा की गई है। उन्हें भी जल्द से जल्द लॉन्च करने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में अटल विहार आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में 18 दिसंबर से 8 फरवरी तक 284 प्लॉट के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इसमें 83 हजार 541 लोगों ने आवेदन किया था। इस योजना में ईडब्ल्यूएस (43), एलआईजी (99), एमआईजी 'अ' (11), एमआईजी 'बी' (96) और एचआईजी (35) के कुल 284 प्लॉट आवंटित करेगा। जिसके लिए आरक्षित दर 14 हजार रुपए निर्धारित की गई है।

20 और 24 को खुलेगी लॉटरी

अटल विभाग आवासीय योजना के बाद अब जयपुर विकास की गोविन्द विहार और पटेल नगर आवासीय योजना के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इनमें गोविंद विहार के लिए 20 फरवरी और पटेल नगर आवासीय योजना के लिए 24 फरवरी को लॉटरी निकलेगी।

कंगना रनोट का नया सफरः बॉलीवुड से राजनीति और अब बिजनेस में एंट्री, रेस्तरां खोला हिमाचल में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नेषनल डेस्क। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनोट ने अपने करियर में एक और नया अध्याय जोड़ा है। एक्टिंग और राजनीति में सफलतापूर्वक अपनी पहचान बनाने के बाद, कंगना ने अब हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में कदम रखा है। वेलेंटाइन-डे के खास मौके पर उन्होंने अपने पहले कैफे और रेस्टोरेंट 'द माउंटेन स्टोरी' का शुभारंभ किया। मनाली की खूबसूरत वादियों में स्थित यह कैफे पहाड़ी संस्कृति, पारंपरिक खान-पान और मनोरम दृश्यों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। कैफे की लॉन्चिंग के दौरान कंगना ने हिमाचली परंपराओं का पूरा ध्यान रखा। उन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी टीम के साथ प्रवेश किया और स्थानीय कार्तिक स्वामी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर इस नए सफर की शुरुआत की। इस अवसर पर उनके माता-पिता, अमरदीप रनोट और आशा रनोट भी मौजूद रहे। खास बात यह थी कि इस भव्य उद्घाटन समारोह में गांव के बुजुर्गों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और उन्हें हिमाचली व्यंजनों का स्वाद चखाया गया। 'द माउंटेन स्टोरी' सिर्फ एक रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जहां हर कोना हिमाचली संस्कृति की झलक दिखाता है। यहाँ के इंटीरियर में पारंपरिक पहाड़ी शैली को ध्यान में रखा गया है। लकड़ी के फर्नीचर, राजसी झूमर, पारंपरिक चूल्हा और कुल्लवी कला से सजा यह स्थान मनाली के स्थानीय परिवेश में घुल-मिल जाता है। भरपेट मिलने वाली हिमाचली थाली वेज थालीः 680 नॉन-वेज थालीः 850 की है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अगर कोई ग्राहक अपनी थाली खत्म करने के बाद और भोजन चाहता है, तो उससे अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसे बफे स्टाइल में पेश किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को संतुष्टि का अनुभव मिले। इसके अलावा, यहां हिमाचली पारंपरिक व्यंजन भी परोसे जाएंगे, जिनमें सिड्डू, लाहौली मार्चू, गीचे और कुल्लवी व्यंजन शामिल हैं। चाय प्रेमियों के लिए मात्र 30 में हिमाचली चाय भी उपलब्ध होगी।

कंगना ने कहा कि "यह सिर्फ एक कैफे नहीं, बल्कि मेरे दिल के करीब एक सपना है, जो अब पूरा हो रहा है। हिमाचल के असली स्वाद को दुनियाभर के लोगों तक पहुंचाने का मेरा यह प्रयास है। मैं आपका 'द माउंटेन स्टोरी' में स्वागत करती हूं।" बिजनेस की दुनिया में कदम रखने के बाद, कंगना सिर्फ एक कैफे तक सीमित नहीं रहना चाहतीं। खबरों के मुताबिक, वह जल्द ही मनाली में एक लक्ज़री होटल खोलने की योजना बना रही हैं। इसके लिए उन्होंने पहले ही जमीन खरीद ली है और इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने की संभावना है। आपको क्या लगता है, कंगना के इस नए बिजनेस वेंचर को कैसा रिस्पॉन्स मिलेगा?

फोन टैपिंग मामले पर शेखावत का गहलोत पर पलटवारःबोले- खुद पाप करने वालों को इस मुद्दे पर चर्चा करने का नैतिक अधिकार नहीं



24 न्यूज अपडेट

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा- गहलोत साहब को फोन टैपिंग के मामले में चर्चा करने का नैतिक अधिकार नहीं है गहलोत साहब के शासन में जिस तरह से फोन टैपिंग हुई।

यह मैं कहता या आरोप लगाता, वो ठीक नहीं था, लेकिन उनके ही ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने दिल्ली की कोर्ट में शपथ पूर्वक बयान रजिस्टर्ड करवा कर कहा कि फोन टैपिंग हुई है। फोन टैपिंग के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद उस टैप को अवैध तरीके से हासिल करके लीक करने के लिए दी थी। जिन लोगों ने इस तरह के पाप किए हैं, वो दूसरों की तरफ अंगूली उठाए, ये अधिकार उन्हें तो कत्तई नहीं है। हाल में किरोणीलाल मीणा ने फोन टैंपिग पर बयान देकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया था। इसके बाद पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बयान था, जिस पर शेखावत ने उन्हें आड़े हाथों लिया है।

कुंभ पर प्रश्न उठाने वाले अपने पाप नहीं धो पाएंगे

महाकुंभ को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान और कांग्रेसी नेताओं के संगम में डुबकी लगाने के सवाल पर शेखावत ने कहा- ये कांग्रेस का चरित्र है। किसी भी विषय पर इस तरह की प्रतिक्रियाएं करना और बाद में उससे भाग जाना। शेखावत ने कहा- कुंभ में लोग अपनी आस्था के साथ में पाप का शमन करने के लिए जाते हैं। कुंभ पर प्रश्न करने वाले लोगों को तो शायद उनके पापों के वैतरणी को पार करने का कोई अवसर भी नहीं मिलेगा।

वक्फ बोर्ड पर विपक्ष का रवैया उचित नहीं

वक्फ कानून में बदलाव को लेकर संसद में चल रहे विरोध के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा- ऐसे लोग, जिन्होंने मजहब, समाज, संप्रदाय की संपत्ति हड़पकर अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए उपयोग किया हो, उनके अलावा कोई भी विरोध नहीं कर रहा है। विरोध कर सामाजिक ताने-बाने को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी ने रिपोर्ट दी है, वो किसी एक पार्टी की नहीं होती है। वो संसद का ही लघु रूप होता है। कमेटी ने पूरे विचार-विमर्श के बाद रिपोर्ट बनाई है। रिपोर्ट टेबल होगी और जब लोकसभा में पास होने का विषय आएगा, तब उस पर विचार-विमर्श होगा। उस समय सबके पास अपनी बात कहने का अधिकार होगा। अब लोकतांत्रिक व्यवस्था में हम किसी विषय को विमर्श के लिए भी नहीं चाहते, ऐसा कैसे हो सकता है?

महाकुंभ में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पर जानलेवा हमला



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. प्रयागराज। प्रयागराज में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि (छोटी मां) पर गुरुवार रात 5-6 हमलावरों ने चाकू से हमला किया। हमले की घटना सेक्टर-16 के पास हुई जहां पर रात 10 बजे, हमलावरों ने आशीर्वाद लेने के बहाने कार रुकवाई। जैसे ही महामंडलेश्वर उतरीं, उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आईं तीन शिष्याओं को भी चाकू मारे गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और चारों को महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। लूटपाट भी की गई। हमला करने के बाद बदमाशों ने महामंडलेश्वर के गहने लूट लिए और फरार हो गए। सेंट्रल हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ. मनोज कौशिक ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हमले की खबर मिलते ही किन्नर अखाड़े की शिष्याएं अस्पताल पहुंचीं और विरोध जताया। पिछला विवाद 8 फरवरी को हुआ। परी अखाड़े की जगदगुरु हिमांगी सखी ने महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और कौशल्या नंद गिरि पर हमले का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि 50-60 लोगों ने त्रिशूल और फरसा लेकर हमला किया। हालांकि, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने इन आरोपों को गलत बताया था।यह हमला किन्नर अखाड़े के अंदरूनी विवाद से जुड़ा हो सकता है या किसी व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा हो सकता है। पुलिस इन सभी संभावनाओं की जांच कर रही है।

दुल्हे की कार में अचानक लगी आग, मंदसौर से सांवरिया जी जा रही थी बारात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. निम्बाहेडा। निम्बाहेडा रेलवे ब्रिज के समिप निमच से निम्बाहेडा आ रहे मध्य प्रदेश के मंदसौर से सांवरियाजी सम्मेलन में शादी समारोह में जा रही बारात को सुबह एक बडा हादसा होते-होते बच गया। रेलवे ब्रिज के समिप सुबह साढे दस बजे दूल्हे की कार में अचानक आग लग गई । गनीमत यह रही कि सभी कार में सवार यात्री सुरक्षित बच गए। मध्य प्रदेश निवासी गलिया खेडी गांव से बारात में दूल्हा अनिल पुत्र कालूलाल अपने परिजनों पृथ्वीराज ,राजेन्द्र कुमार और कार चालाक विष्णुदास के साथ कार में सवार कल्याणपुरा गांव के समीप रेलवे ब्रिज के नीचे पहुंचते ही कार से वायरिंग झलने की बदबू आने लगी । जैसे ही कार को रोककर कार का बोनट खोला गया देखा तो कि वाहन में आग लग चुकी थी। त्वरित कार में सवार यात्री सभी तत्काल प्रभाव से कार से नीचे उतरकर दूर खडे होकर अपनी जान बचाई। जहां राहगीरों व उपस्थित लोगो ने तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना देने पर मौके पर फायर बिग्रेड के फायरमेन ने पहुंचकर आग पर काबे पाया गया । आग की लापटों के साथ ही काला काला धुआं दुर-दुर तक दिखाई देने लगा मौके पर कार में लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुच कर घटनास्थल का निरिक्ष्ण किया और आवश्यक कार्रवाई की। घटना के बाद दुल्हे को वैकल्पिक व्यवस्था से सांवरियाजी सम्मेलन भेजा गया। इस हादसे में किसी की जा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।


सराड़ा एसडीएम एक्शन मोड में... कार्यालय बंद मिला तो जिम्मेदार को किया नोटिस जारी



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर जिले के सराड़ा उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं । उपखंड क्षेत्र के कहीं कार्यालय का उन्होंने निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के गेट बंद मिले तो संबंधित अधिकारी को नोटिस भी जारी किया है । जानकारी के अनुसार सराड़ा एसडीएम ने शुक्रवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पाल सराड़ा निरीक्षण के लिए गए तो वहां पर मुख्य द्वार बन पाए गए। साथ ही कोई भी अधिकारी नहीं मिला इस दौरान उन्होंने नोटिस जारी किया है। वहीं एसडीएम ने पशु चिकित्सालय सराड़ा का निरीक्षण किया उसे दौरान साफ सफाई में कमियां पाई गई तथा दवाइयों की खाली शिसिया खुले में पाई गई । जिस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । इसी दौरान छात्रावास में छात्रों के रहने पीने खाने की सुविधा का निरीक्षण किया गया । जिसमें कई कमियां मिलीं जिनको सुधारने के आवश्यक निर्देश दिए । साथ ही देसी विदेशी मदिरा एवं बियर की रिटेल शॉप सराड़ा पर निरीक्षण किया । विभिन्न ब्रांड खुदरा मूल्य की सूची उपलब्ध नहीं पाई गई । एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाल सराड़ा का निरीक्षण किया जहां विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम एवं आगामी परीक्षा पर चर्चा की गई । शिक्षकों को दैनिक डायरी साधारण के निर्देश दिए गए ।

अपूर्वा मखीजा का नाम आईफा प्रचारकों की सूची से हटाया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। आईफा की ओर से बताया गया कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा का नाम आईफा प्रचारकों की सूची से हटा दिया गया है। अब वह अधिकारिक रूप से आईफा प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं हैं। विवादित यूट्यूबर को एयरपोर्ट से बाहर नहीं आने की उदयपुर में राजपूत करणी सेना के ऐलान के बाद पर्यटन विभाग की ओर से यह सूचना दी गई। इससे पहलेइंडियाज गॉट लेटेंट शो में विवादित टिप्पणी से चर्चा में आई यूट्यूबर अपूर्वा मखीजा का उदयपुर में विरोध हुआ। राजस्थान में पहली बार होने वाले आईफा (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी) अवॉर्ड से पहले प्री ईवेंट ट्रेजर हंट के लिए अपूर्वा का 20 फरवरी को उदयपुर आना प्रस्तावित था। उनका सिटी पैलेस, अमराई घाट, पिछोला झील में वीडियो शूट करना और राजस्थान का गुणगान करने का प्रोग्राम था। राजपूत करणी सेना ने डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट से बाहर उदयपुर शहर में नहीं आने देने की चेतावनी दी। सेना के संभाग प्रमुख डॉ. परमवीर सिंह डुलावत ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपने आप को सुपरस्टार बनाने के लिए जो चीजें दिखा रहे हैं। वे हमारी संस्कृति के विपरीत है। ये हमारी संस्कृति को सड़क पर लेकर आ रहे है। वे मेवाड़ की धरती पर आकर शूटिंग का हिस्सा बने यह कैसे होने देंगे। चेतावनी देते हुए कहा कि हम इनका एयरपोर्ट से बहिष्कार करेंगे। शहर में नहीं आने देंगे। सरकार को चाहिए कि हम कोई कदम उठाए। उससे पहले ही मेवाड़ की धरती पर आने से रोक दे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग और आयोजक इनके कार्यक्रम को लेकर चेत जाए नहीं तो हम हमारा आंदोलन करेंगे और एयरपोर्ट से बाहर ही नहीं आने देंगे। उदयपुर के अलावा जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, भरतपुर, कोटा और जयपुर शहर को प्री ईवेंट ट्रेजर हंट की शूटिंग के लिए चुना गया था। 11 फरवरी से फिल्म सेलिब्रिटी, कंटेंट क्रिएटर व इंफ्लुएंसर शूटिंग शुरू कर चुके हैं।

प्रतापनगर चौराहे से लिफ्ट देकर महिला से किया गैंगरेप, अधमरा छोड़ कर भागे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में गैंगरेप का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कार में सवार चार बदमाशों ने प्रतापनगर चौराहे से एक महिला को लिफ्ट देने के बहाने अगवा कर लिया। उसे देबारी ले जाकर मारपीट की गई और कार में ही दो बदमाशों ने गैंगरेप किया। इसके बाद उन्होंने सरिये से हमला कर उसे घायल कर दिया और डबोक स्थित गीतांजली कॉलेज के पास छोड़कर फरार हो गए। घटना बुधवार देर रात की है। मामले के अनुसार, 40 वर्षीय महिला किसी काम से प्रतापनगर आई थी। रात करीब 9 बजे वह घर लौटने के लिए चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रही थी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी कोई वाहन नहीं मिला, तो उसने वहां से गुजर रही एक कार से लिफ्ट मांगी। कार में चार युवक बैठे थे। महिला ने उनसे देबारी टी-प्वाइंट पर छोड़ने की बात कही। कार चालक ने उसे पीछे बैठा लिया। जब कार टी-प्वाइंट पर पहुंची, तो महिला ने उतरने की बात कही, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। कुछ आगे जाने पर बदमाशों ने कार रोकी, तो महिला कार से उतरकर भागने लगी। दो बदमाशों ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद वे उसे डबोक की तरफ ले गए। रास्ते में पीछे बैठे दो बदमाशों ने उसकी मारपीट की और कार में ही गैंगरेप किया। डबोक स्थित गीतांजली कॉलेज के पास उन्होंने सरिये से उस पर हमला किया, जिससे उसके सिर और चेहरे पर चोटें आईं। इसके बाद उन्होंने उसे सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। महिला बेहोश हो गई, होश आने पर होटल गार्ड को बताया मारपीट और हमले के बाद महिला सुनसान जगह पर बेहोश हो गई। कुछ देर बाद होश आने पर वह गीतांजली कॉलेज के गेट पर पहुंची, जहां गार्ड ने उसे पानी पिलाया। वहां से वह पैदल होटल राइजिंग पहुंची और गार्ड को घटना के बारे में बताया। इसकी सूचना पर डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले गई। चूंकि अपहरण की घटना प्रतापनगर थाना क्षेत्र के चौराहे से हुई थी, इसलिए प्रतापनगर थाना पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस ने पीड़िता का एमबी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और गैंगरेप, अपहरण तथा मारपीट का मामला दर्ज किया। चारों बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है।

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस-2025 पर समारोह में पर्यटन विभाग की झांकी प्रथम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। शासन सचिव पर्यटन रवि जैन ने बताया कि गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर महाराणा भूपाल स्टेडियम, उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में निर्धारित (ब) वर्ग विभागों की झांकियों की श्रेणी में पर्यटन विभाग की "भारत की शान राजस्थान" विषय पर निकाली गई झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि इसी श्रेणी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को "टीबी हारेगा देश जीतेगा" विषय पर निकाली गई झांकी को द्वितीय स्थान तथा कृषि विभाग को "समन्वित कृषि प्रणाली एवं जैविक खेती मॉडल" विषय की झांकी के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं जिला (अ) वर्ग झांकियों में "आदिवासी धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल" विषय की झांकी के लिए बांसवाड़ा जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। डूंगरपुर जिला को "आदिम संस्कृति और विरासत" विषय पर आधारित झांकी के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। बीकानेर जिले को "सोलर पार्क, हेरिटेज वॉक, एक पेड़ माँ के नाम" विषय पर आधारित झांकी के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

दारू पीते समय जेब से निकाल लिया पैसा तो कर दी हत्या



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा के नाहरपुरा गांव में सड़क किनारे अधेड़ व्यक्ति की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सुखलाल उर्फ हुका (25) पुत्र शंकर डामोर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण शराब पीने के दौरान हुए विवाद को बताया गया है। घटना उस समय हुई जब मृतक मोगा डामोर अपने गांव के पास एक खेत में शराब पी रहा था। उसके साथ आरोपी सुखलाल भी मौजूद था। शराब पीने के दौरान सुखलाल ने मोगा की जेब से पैसे निकालने की कोशिश की, जिसे मोगा ने रोकने का प्रयास किया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर सुखलाल ने पास में पड़ी नीम की लकड़ी उठाकर मोगा के सिर और शरीर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई। आरोपी सुखलाल ने अपने परिचित खुशपाल डामोर से कहा कि वह मोगा को अस्पताल पहुंचाए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घबराकर खुशपाल और टेम्पो चालक ने शव को सड़क किनारे फेंक दिया और मृतक की साइकिल चांदरवाड़ा पेट्रोल पंप के पास छोड़ दी ताकि हत्या को छुपाया जा सके। पुलिस ने मुखबिर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस मामले की गहन जांच की। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ जारी है, वहीं अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस मामले की जांच थानाधिकारी कपिल पाटीदार, सहायक उप निरीक्षक रतनलाल, हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार, कॉन्स्टेबल कमलेश, यशवंत और जितेंद्र पाटीदार की टीम ने की।


घोड़ी दाने पर रूपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ। कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने कस्बे में घोड़ी दाने पर रूपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9450 रूपये नकद जब्त किये हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतु एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर एएसआई सूरज कुमार, कानिस्टेबल विरेन्द्र, ज्ञानप्रकाश, राकेश व सुमित कुमार द्वारा आसूचना संकलन के आधार पर आरोपियों 1. जाकिर पुत्र मोहम्मद सुल्तान जाति (कुजड़ा) मुसलमान उम्र 50 साल निवासी कलन्दरी मस्जिद के पास टाल एरिया निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) 2. सईदुल्ला पुत्र फतेह मोहम्मद जाति पठान मुसलमान उम्र 50 निवासी इन्द्रा कालोनी निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) 3. विजेश पुत्र अशोक जाति खटीक उम्र 35 साल निवासी केची चोराया उदयपुर रोड़ निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) 4. जाकिर पुत्र चांद खां जाति मेव मुसलमान उम्र 40 साल निवासी मेवाती मोहल्ला निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) 5. आमिन पुत्र अब्दुल समद जाति पठान मुसलमान उम्र 35 साल निवासी बापू बस्ती निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) को घोड़ी दानो पर रूपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 9450 रूपये नकद जब्त कर थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा पर जुआ अधिनियम में प्रकरण पंजिबद्व किया गया है।

14,000 लीटर डीजल से भरा टैंकर जब्त, 6 गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में पुलिस ने अवैध रूप से डीजल बेचने के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि हाईवे के पास एक ढाबे में चोरी का डीजल बेचा जा रहा है। जब पुलिस वहां पहुंची, तो उन्होंने देखा कि एक टैंकर से बड़ी मात्रा में डीजल निकाला जा रहा था। पुलिस ने 14,000 लीटर डीजल से भरा एक टैंकर जब्त किया। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें टैंकर ड्राइवर भी शामिल था। 15 ड्रम और डीजल निकालने के उपकरण भी बरामद हुए। हाईवे के एक ढाबे के पीछे एक बाड़ा (खुली जगह) बनाया गया था। वहां डीजल टैंकरों को लाकर गुप्त रूप से डीजल निकाला और बेचा जाता था। यह काम कई दिनों से चल रहा था। प्रोबेशनर आईपीएस जतिन जैन के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। जिला कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर छापा मारा गया। पुलिस टीम में कई अधिकारी और कांस्टेबल शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ कर रही है कि कौन-कौन इस अवैध धंधे में शामिल है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस गोरखधंधे में और बड़े लोग जुड़े हुए हैं।

पुलिस पर फायर कर चार बार फरार होने वाला कुख्यात तस्कर 30 हजार का ईनामी उदयलाल गुर्जर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। मादक पदार्थों की तस्करी में तीन प्रकरणों व पुलिस पर फायर करने के चार मामलों में फरार सहित 10 आपराधिक मामलों मे लिप्त वांछित अपराधी 30 हजार रुपये के ईनामी बदमाश उदयलाल गुर्जर को सदर चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस व डीएसटी ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी उदयलाल गुर्जर के खिलाफ 10 आपराधिक मामले दर्ज होकर सात मामलों में वांछित चल रहा था। जिला स्तर के टॉप 10 वांछित अपराधियो की सूची में शामिल था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आईजीपी रेंज उदयपुर ने 30 हजार रुपये के ईनाम की राशि जारी की थी। मारवाड़ के तस्करों से संपर्क में रहकर पिछले काफी समय से मादक पदार्थों की तस्करी करता आ रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के बिजयपुर थाना सहित कोतवाली निम्बाहेड़ा, कनेरा, मंगलवाड़ व बस्सी में मादक पदार्थों की तस्करी में तीन मामलों, पुलिस पर फायर कर फरार होने के चार मामलों सहित कुल 10 आपराधिक मामलों में लिप्त उदयलाल गुर्जर अप्रेल 2022 में तस्करी के दौरान पुलिस पर फायर कर फरार हुआ था। उसके बाद 06 प्रकरणों में लगातार मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमला, अवैध आर्म्स व धमकी देने के प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें सभी मे वांछित था। कनेरा, मंगलवाड़ व बिजयपुर थाने के तीन प्रकरणों में भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा, अफीम व वाहन की जब्ती के मामले में भी वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 25 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हुई थी, जिसे महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज ने बढ़ा कर 30 हजार रुपये किया था। आरोपी को जिला स्तर के टॉप 10 वांछित अपराधियों की सूची में चयनित किया हुआ था। आरोपी उदयलाल के खिलाफ जिले के बिजयपुर थाना सहित कोतवाली निम्बाहेड़ा, कनेरा, मंगलवाड़, बस्सी व कोतवाली चित्तौड़गढ़ में आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी उदयलाल गुर्जर मारवाड़ के तस्करों के सम्पर्क में रहकर कई समय से उन्हें मादक पदार्थ उपलब्ध करवा रहा था। वांछित आरोपी उदयलाल गुर्जर की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सरितासिंह के निर्देशन मे एस.एच.ओ. सदर चित्तौड़गढ़ निरंजन प्रताप पु.नि., डीएसटी प्रभारी मुंशी मोहम्मद उप निरीक्षक व सदर थाने के हैड कानि. सुरेंद्र सिंह, कानि. डूंगर सिंह, पृथ्वीपाल, बलवंत सिंह, विनीत कुमार, संजय कुमार एवं डीएसटी टीम के कानि. सुरेंद्र पाल, विक्रम, दीपक व विजय एवं साइबर सेल के हैड कानि. राजकुमार द्वारा वांछित अपराधी बिजयपुर थाने के पेमाखेड़ा निवासी उदयलाल पुत्र रतनलाल गुर्जर को बिजयपुर थाने के एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफतार किया गया। आरोपी उदयलाल गुर्जर को गिरफ्तार करने में डीएसटी के कानि. सुरेन्द्र पाल की विशेष भूमिका रही।

सोने के दो मंगलसूत्र व ढाई लाख से अधिक नगद राशि बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार बाईक जब्त



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. निम्बाहेडा। निम्बाहेड़ा की कच्ची बस्ती से एक सप्ताह पूर्व एक मकान से सोने के दो मंगलसूत्र व ढाई लाख से अधिक नगद राशि चोरी के मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने नामजद हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल व नगद राशि बरामद कर ली है, वहीं आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त की गई एक बाईक को भी जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि कच्ची बस्ती निम्बाहेड़ा निवासी हिरालाल नायक अपने परिवार के साथ 03 फरवरी को सुबह बाहर जाकर पुनः दिन में आये, तभी पीछे से सुने मकान में अज्ञात बदमाशों में कमरे के अंदर घुस अलमारी को तोड़ फोड़ कर उसमें रखे सोने के दो मंगलसूत्र व नगद राशि चुरा ले जाने के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की गई एवं नामजद आरोपियों की तलाश की गई।घटना को शीघ्र ट्रेस आउट कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये, जिस पर एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर अनुसंधान अधिकारी एएसआई अम्बालाल, कानिस्टेबल रामचन्द्र व प्रमोद कुमार द्वारा आरोपियों की तलाश की गई। संदिग्ध व्यक्तियो की तलाश व आसूचना संकलन से मामले का माल सोने के मगंलसूत्र व नगद राशी की चोरी करने वाले आरोपी कच्ची बस्ती निम्बाहेडा निवासी 22 वर्षीय निजाम खां पुत्र हनीफ मोहम्मद पठान, 22 वर्षीय दिलदार खां उर्फ अटटू पुत्र सलीम खां पठान के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने से दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो सोने के मगंलसूत्र व नगद राशी कुल 2,56,800 रूपये को बरामद किये गए। पुलिस पूछताछ के बाद मामले के एक और साथी आरोपी मध्यप्रदेश के भरदावद थाना वाई. डी. नगर मन्दसौर हाल कच्ची बस्ती निम्बाहेडा निवासी 24 वर्षीय फयूम खां उर्फ कयुम पुत्र सलीम खां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल को भी जब्त किया हैं। आरोपियों से चोरी के अन्य प्रकरणो के सम्बन्ध में विस्तृत अनुसंधान जारी है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।